तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026



11 भाजपा समय के साथ खुद को रखती है अपडेट : नेहरू





12 लोकतंत्र की ताकत पर है जनता का सर्वाधिक...







प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

मो.न. - 8103982557

हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026

सामान्य कूपन 04 जुलाई 2026

कूपन नं. 6


## लापरवाही : बारिश के बाद नहर क्रॉसिंग के पास मची अफरा-तफरी

# कोपरा-पोखरा सड़क पर मुरुम बिछाकर छोड़ा एक ही दिन में गिरे 50 से अधिक बाइक सवार









हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कोपरा से पोखरा तक निर्माणाधीन सड़क मार्ग इन दिनों राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद कोपरा के समीप नहर क्रॉसिंग के दोनों ओर सड़क पर इतनी अधिक फिसलन हो गई कि दोपहिया वाहन चालकों का गुजरना मुश्किल हो गया। हालात ऐसे रहे कि एक ही स्थान पर दिनभर में 50 से अधिक बाइक सवार फिसलकर गिर पड़े और घायल हो गए। इनमें महिलाएं, बच्चे और पुरुष भी शामिल रहे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई घंटों तक लोग लगातार हादसों का शिकार होते रहे, लेकिन सड़क निर्माण एजेंसी या प्रशासन की ओर से न तो कोई सुरक्षा व्यवस्था की गई और न ही दुर्घटनाओं को रोकने का कोई प्रयास किया गया। स्थानीय लोगों ने स्वयं सड़क किनारे खड़े ▶▶|शेष पेज 10 पर

### करोड़ों की सड़क, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम नदारद

गौरतलब है कि शासन ने कोपरा से पोखरा सड़क निर्माण के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत किए हैं। इसके बावजूद निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी किए जाने के आरोप लग रहे हैं। सड़क पर चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग और फिसलन से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। लगातार हो रहे हादसों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि घायल लोगों के उपचार और आर्थिक नुकसान की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? यदि भविष्य में कोई बड़ा हादसा या जनहानि होती है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी? स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय तत्काल सड़क की मरम्मत कराए, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

# वेतन में बढ़ोतरी और सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर कोटवार संघ ने तहसील कार्यालय घेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कोटवार एसोसिएशन के बैनर तले अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मैनपुर, अमलीपदर, देवभोग कोटवार संघ ने एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कोटवारों ने रैली निकालकर अपनी आवाज बुलंद की और कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कोटवार संघ ने ज्ञापन के माध्यम से दैनिक वेतन में बढ़ोतरी, सेवा सुरक्षा, नियमित नियुक्ति, बिना जांच के निलंबन पर रोक तथा अन्य लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लंबे समय से वे शासन-प्रशासन की जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त सुविधाएं और सम्मानजनक पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। संघ ने कहा यदि उनकी मांगो पर जल्द निर्णय नही लिया जाता तो आने वाले समय मे आंदोलन उग्र किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से मैनपुर मे अध्यक्ष नोखेश्वर जगत, सचिव कुंवर प्रधान, संरक्षक घनश्याम नेताम, गिरधारी लाल, बसंत जगत, झुरूराम नेताम, भूषण डोंगरे, लखन सोनवानी, सुरेश देववंशी, जगदीश जगत, बजरंग देववंशी, कुंती नेताम, मेहत्तर नागेश एवं कोटवार संघ के सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर संघ की बैठक 6 को

**नवापारा-राजिम।** पेंशनर समाज मासिक बैठक 6 जुलाई को प्रातः 10 बजे आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य रूप से इस माह जन्मदिन वाले सदस्यों को सम्मानित किया जावेगा। तथा नये सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारी को तहसील ईकाई की संघ की सदस्यता ग्रहण कराई जावेगी। बैठक में 81वर्षीय स्वर्गीय बरातू सेन को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम बिटांगीपाली में एक महिला के साथ गाली गलौज कर जान से ▶▶|शेष पेज 10 पर

# राजिम एसडीएम विशाल बने संयुक्त कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम एसडीएम विशाल महाराणा संयुक्त कलेक्टर बनाए गए है। बता दें कि विशाल महाराणा एक कुशल, संवेदनशील और कर्मठ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं। राजिम क्षेत्र में किसानों और आम नागरिकों ▶▶|शेष पेज 10 पर



# नकटी में मकान तोड़े जाने के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नकटी ग्राम में प्रशासन द्वारा तोड़े गए मकानों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और कार्रवाई को गरीब एवं आदिवासी परिवारों के साथ अन्याय बताया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेससदस्यों द्वारा



।प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया कि प्रभावित परिवारों को पर्याप्त सुनवाई और वैकल्पिक व्यवस्था दिए बिना उनके मकानों को तोड़ दिया गया,जो पूरी तरह अमानवीय है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रही है और प्रशासन की कार्रवाई एकतरफा एवं दमनात्मक है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रभावित परिवारों को न्याय नहीं मिला,उचित ▶▶|शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप

### 30 पौवा शराब के साथ दो गिरफ्तार



**राजिम।** गुरूवार को राजिम के आमंत्रण पैलेस के पास एक मोटर सायकल फैशनप्लस क्र. सीजी 04 सीडब्लू -7348 में 2 व्यक्तियों को रोककर जब तलाशी लिया गया तो उनके पास 30 पौवा देशी मशाला शराब जो कुल 5.400 बल्क लीटर था। इसकी कीमत 3000 रू है जिसे जप्त किया गया। इस शराब को ले जाने वाले आरोपी भीम साहू पिता कमलनारायण साहू उम्र 35 वर्ष, कमलनारायण साहू पिता स्व.पन्नालाल साहू उम्र 65 वर्ष ग्राम कोमा को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### रवेली में रक्तदान शिविर 5 को

**सुरसाबांधा।** मानवता, सेवा और परोपकार की भावना को साकार करने के उद्देश्य से तारा एथलेटिक्स एंड फिजिकल अकादमी द्वारा रविवार, 5 जुलाई 2026 को ग्राम रवेली में एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस जनहितकारी आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान ऐसा महादान है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। एक यूनिट रक्त दुर्घटना पीड़ितों, गंभीर रोगियों, प्रसूताओं एवं अन्य मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होता है। इसी उद्देश्य को लेकर तारा एथलेटिक्स एंड फिजिकल अकादमी के युवाओं ने समाजहित में इस सेवा अभियान का संकल्प लिया है। अकादमी के सदस्यों ने क्षेत्र के युवाओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं समस्त ग्रामवासियों से इस मानव सेवा के महायज्ञ में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल रक्त का दान नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने का सर्वोत्तम माध्यम है। आयोजकों ने सभी स्वस्थ नागरिकों से 5 जुलाई को आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया है।

### सहकारी समिति फिंगेश्वर में पौधारोपण



**फिंगेश्वर।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रलय के 5 वर्ष पूर्ण होने पर प्रथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर पंजियन क्रमांक 685 में नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, प्रधिकृत प्रबंधक मनोज साहू एवम समिति कर्मचारियों, कृषक द्वारा पौधा रोपण किया गया।

# कलेक्टर पहुंचे बनगवा, शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का लिया जायजा

## आधार त्रुटि सुधार के लिए गांव में ही लगेगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

02 जुलाई 2026 को जिला कलेक्टर बीएस उइके ने आदिवासी कमार भुजिंया बाहुल्य ग्राम बनगवा जो विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत गुंडरदेही के आश्रित ग्राम है, का दौरा कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी कार्योंर् की समीक्षा की।उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में संचालित निर्माण कार्योंर्,मूलभूत सुविधाओं तथा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

दौरे के दौरान कलेक्टर ने सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य तथा अन्य विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से योजनावार जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही अधूरे कार्योंर् को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर एसडीएम राजिम श्री विशाल महाराणा सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी ली।ग्रामीणों ने खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइनों को दुरुस्त कराने, नल-जल योजना की पाइप लाइनों की मरम्मत, आधार कार्ड में त्रुटि सुधार तथा गंभीर कुपोषित बच्चों के बेहतर उपचार एवं पोषण की व्यवस्था संबंधी मांगें रखीं। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने के लिए शिक्षकों एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



### निर्माणाधीन बहुउद्देशीय केंद्र का निरीक्षण

दौरे के दौरान कलेक्टर ने गांव में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस भवन में स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी तथा स्व-सहायता समूहों के लिए सर्वसुविधायुक्त व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री वॉल के किनारे फलदार पौधे लगाने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सरपंच जीतू ज्योति बघेल, सचिव कुलेश्वर कोसरे एसडीएम विशाला राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नपं कोपरा में अनियमितता और अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने सौंपा 20 सूत्रीय ज्ञापन

# जनप्रतिनिधि मुनाफाखोरी और कमीशनखोरी में मस्त : अमितेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/कोपरा

नगर पंचायत कोपरा में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और विकास कार्यों में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में नगर के गांधी चौक में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसके बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने रैली निकालकर नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और कलेक्टर के नाम 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। धरना-प्रदर्शन में राजिम के पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ने भाजपा सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार गरीबों के बजाय उद्योगपतियों और ठेकेदारों के हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने नगर के जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों और खर्च की सार्वजनिक जानकारी देने की मांग भी की। श्री शुक्ल ने आगे कहा नगर पंचायत कोपरा के जनप्रतिनिधि मुनाफाखोरी में लगे हुए हैं जितना काम नहीं करते उससे अधिक कमीशन ले रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को समय पर राशि नहीं मिल रही है, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है, सफाई व्यवस्था बदहाल है, पेयजल, सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हैं। साथ ही नगर पंचायत प्रशासन पर मनमानी और वित्तीय अनियमितताओं के भी आरोप लगाए गए।



### ये रहे शामिल

धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों की मौजूदगी रही। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठाकुर ओंकार सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू ठाकुर राम साहू, डीके ठाकुर, सोमेश पटेल, रामगुलाम साहू, राजेश यादव, बेदराम साहू, सूरज दाऊ, डांगेंद्र साहू, रिकेश साहू, मोतीराम साहू, डॉ. रमेश साहू, विक्रम साहू, शिवम सिन्हा, नंद बंशे, दामिनी साहू, संध्या ठाकुर, दुर्गा प्रसाद सिन्हा, चेतन सिन्हा, नंदकुमार साहू, योगेश्वरी साहू, हेमलता साहू, टीकम तारक, गजेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# आवारा मवेशियों का जमावड़ा आए दिन हो रहीं दर्घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम मोंगरा में इन दिनों आवारा पशुओं (मवेशियों) का इस कदर बढ़ गया है कि ग्रामीणों और राहगीरों का सड़क से गुजरना दूभर हो गया है। गांव की मुख्य सड़कों और चौक-चौराहों पर दिन-रात मवेशियों का डेरा लगा रहता है, जिसके कारण दोपहिया और चार पहिया वाहनों को निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। सबसे ज्यादा खतरा मोटरसाइकिल चालकों को हो रहा है, जो आए दिन इन पशुओं से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और पंचायत की ओर से इस समस्या से निपटने के लिए प्रयास भी किए गए हैं। कोटवार द्वारा गांव में बार-बार मुनादी (ढिंढोरा पिटवाकर घोषणा) कराई जा चुकी है कि लोग अपने-अपने मवेशियों को बांधकर रखें और सड़कों पर न छोड़ें। इसके बावजूद, कई ग्रामवासी अपने मवेशियों को संभालने और ले जाने में असमर्थता जता रहे हैं, जिससे स्थिति जस की तस बनी हुई है। सड़कों पर बैठे ये मवेशी न सिर्फ यातायात को बाधित कर रहे हैं, बल्कि किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रोज़ाना होने वाली दुर्घटनाओं से बचने और राहगीरों की सुरक्षा के लिए इन आवारा पशुओं को तत्काल किसी नजदीकी में शिफ्ट किया जाना बेहद जरूरी है। सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े से चलना मुश्किल हो गया है। आए दिन बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। शासन-प्रशासन से मांग है कि इन पशुओं को जल्द से जल्द गौशाला भेजा जाए, ताकि आने-जाने वालों को सुविधा मिले और भविष्य में होने वाले हादसों को टाला जा सके।

# रसेला उपार्जन केंद्र में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला




सहकारिता सप्ताह दिवस पर आयोजित सहकारी सप्ताह के तीसरे दिन यानी 3 जूलाई को रसेला धान उपार्जन केन्द्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव, सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मचारी कचरूराम निषाद, टेसराम निषाद, किसान रमेश ध्रुव, सेवाराम ध्रुव, दयाराम निषाद, टगेश्वर कोमर्रा सहित कृषकगण विधिवत पूजा अर्चना कर पौधा रोपण का कार्य किया गया। इस मौके पर जनपद सुखराम ठाकुर ने कहा कि पेड़ केवल आक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जल संरक्षण, भू-जल स्तर को बनाए रखने, वर्षा चक्र को संतुलित करने तथा जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पौधे लगाने के साथ साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लेने का आह्वान किया। मलेवाभाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का अभिन्न आधार है। जन्म से लेकर जीवन के अंतिम पड़ाव तक वृक्ष किसी न किसी रूप में मानव के साथी बने रहते हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारी कचरू निषाद ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट के बीच अधिक से अधिक वृक्षारोपण और उनका संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसलिए हर व्यक्ति को पौधरोपण को जनआदोलन बनाना चाहिए। प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ,हरित एवं सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण की दिशा में एक सार्थक पहल है। हम सभी एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान ज़रूर दे। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे।

# नपं कोपरा के नवनियुक्त एल्डरमैन ने विधायक रोहित साहू से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पंचायत कोपरा के नवनियुक्त एल्डरमेन शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू के साथ में विधायक रोहित साहू से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर एल्डरमेन ने विधायक रोहित साहू को पुष्पगुच्छ भेंटकर नवनियुक्ति पर मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक रोहित साहू ने सभी एल्डरमेन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोपरा के विकास में सभी के सहयोग से नई गति आएगी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत कोपरा में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता, सड़क, पेयजल एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कहा कि विधायक के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कोपरा को एक आदर्श एवं विकसित नगर पंचायत बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, भाजपा मंडल कोपरा के महामंत्री हेमंत वर्मा,कृष्ण सेन, झाडुराम तारक, दिलीप वर्मा, झामन साहू, जेठूराम, रामू तारक, रमेश गोयल, घना यादव, कौशल साहू, पुरेन्द्र साहू, मेहतर यदु एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गाड़ा समाज देवभोग ने किया महिला प्रकोष्ठ का गठन, शुक्रवारी नागेश बनीं ब्लॉक अध्यक्ष

# समाज को मजबूत और संस्कारित बनाने में महिलाओं की भागीदारी जरूरी : शेषनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग गाड़ा समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष शेषनारायण सोनवानी के दूरगामी सोच के परिणामस्वरूप समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर महिला प्रकोष्ठ विकासखंड गाड़ा समाज देवभोग का गठन किया गया। चूंकि एक महिला केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं है बल्कि समाज की विकास के प्रेरक शक्ति भी है। यदि समाज को मजबूत शिक्षित, संस्कारित और समृद्ध बनाना है तो निश्चित रूप में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। इसी उद्देश्य की परिकल्पना को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार कर तमाम गांव की जागरूक समाज सेवी महिलाओं की उपस्थिति में सचिव यशवंत कुमार बघेल के सफल संचालन में सर्व सम्मति से महिला प्रकोष्ठ विकासखंड गाड़ा समाज देवभोग का गठन किया गया। जिसमें महिला प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में श्रीमती लक्ष्मी उमेश डोंगरे को दायित्व देकर अध्यक्ष के रूप में सुश्री शुक्रवारी नागेश (बाडीगांव) को मनोनीत किया गया।

### नई कार्यकारिणी में इन्हें मिली जिम्मेदारी




इस प्रकार उपाध्यक्ष के पद पर चारों दिशा को ध्यान में रखकर हर प्रत्येक दिशा में सामाजिक गतिविधियों का सफल संचालन हो सके की भावना के साथ लिभादी बघेल के(खुटगांव), शांतिबाई जगत( लदरा), रश्मिता बघेल (भतराबाहली) एवं मीनाक्षी बेमाल कुम्हड़ई कला को मनोनीत किया गया। इसी अनुक्रम में सचिव के पद पर तुलसी प्रधान (सरगीगुडा), सहसचिव के पद पर श्रीमती सीता प्रधान (सुकलीभाटा) और ममता बघेल (मुंगिया) को सुशोभित किया गया तथा कोषाध्यक्ष के पद पर श्रीमती जसोवंती डोंगरे (सागौनभाडी), प्रवक्ता गौरी बाई सोनवानी (सुपेबेडा) को मनोनीत किया गया। प्रकोष्ठ का सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उर्मिला सोनवानी सुपेवेडा, भूमिसुता सोनवानी कुम्हड़ई कला, विलास बघेल मुंगिया, जोसोवंती बघेल मुंगिया, भाग्यश्री प्रधान कुम्हड़ई कला,दुर्गा सोना बाडीगांव, सपना सोना बाडीगांव, उमरती बघेल भतराबहाली, रेखा महांती शुक्लीभाठा पुराना, गीता बघेल लदरा, विनीता महांती शुक्लीभाठा को मनोनीत किया गया। एक जागरूक और सशक्त समाज देवभोग को लेकर पुरुष वर्ग के साथ समाज में मिलकर कार्य करने के लिए सफलता पूर्वक महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। मनोनीत सभी पदाधिकारी को अध्यक्ष शेषनारायण सोनवानी सह सचिव यशवंत कुमार बघेल, कोषाध्यक्ष दिगम्बर स्वर्ण, संरक्षक शेखर सोनवानी, अनामो बघेल, उपाध्यक्ष मानसिंह दुर्गा, निराकार डोंगरे, प्रवक्ता लैबानो सोना, विधि प्रकोष्ठ अरुण सोनवानी, झालेश डोंगरे तथा उमेश डोंगरे, शंकर सोनवानी, भुवन बघेल, सुभाष डोंगरे, घेवरचंद डोंगरे, अशोक नेताम, मिलन सोनवानी, खीरधर सोनवानी, जयराम प्रधान, विनोद प्रधान, नरेंद्र प्रधान अन्य सामाजिक बंधु ने शुभकामनां दी।

## पेज 9 के शेष...

### कोपरा-पोखरा सड़क...

होकर आने-जाने वाले वाहन चालकों को सावधान किया और कई लोगों को हादसे का शिकार होने से बचाया।

**वाहन चालक लगातार नियंत्रण खो रहे–** स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोपरा- पोखरा सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार ने कई स्थानों पर पुलिया निर्माण के बाद सड़क पर केवल मुरुम बिछाकर छोड़ दिया है। बारिश के कारण यही मुरुम की परत बेहद फिसलन भरी हो गई, जिससे वाहन चालक लगातार नियंत्रण खो रहे हैं और सड़क पर गिर रहे हैं।

हादसों का सिलसिला देखकर लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। राहगीरों और ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### राजिम एसडीएम...

के प्रति उनके सकारात्मक एवं सहयोगात्मक रवैये के कारण समाज के विभिन्न वर्गों के साथ उनका बेहतर तालमेल रहा है। उनके कार्यकाल में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण और जनहितैषी निर्णयों के लिए वे विशेष रूप से सराहे जाते रहे हैं। संयुक्त कलेक्टर बनने पर नागरिको ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया।

### नकटी में मकान...

मुआवजा एवं पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई, तो पार्टी जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक उग्र आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। प्रदर्शन के अंत में राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया तथा प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग किया गया।पुतला दहन के दौरान पुलिस विभाग और कांग्रेस सदस्यों के बीच पुतला दहन को लेकर काफी झूमाझटकी हुई।

### महिला को जान...

मारने की धमकी देने के मामले में बसना थाने में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बिटांगीपाली की एक महिला ने रिपोर्ट लिखाई है कि 28 जून की रात 8 बजे शराब के नशे में आकर उसके देवर प्रमोद नाग ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के विरूद्ध थाने में धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप



### नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

**मुड़ागांव (कोरासी)।** विकासखंड छुरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला कसेकेरा में शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली एवं छठवीं में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा मुकुट पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के छायाचित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना एवं स्वागत नृत्य के साथ हुआ। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं को खीर-पूड़ी का नेवता भोज कराया गया तथा नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष मिनाक्षी दीवान, संरक्षक गैंदलाल पटेल, शिक्षाविद् बलदाऊ राम नेताम, उपसरपंच दसमत साहू, पंच दसमत ध्रुव तथा पालकगण भगवती ध्रुव, गयाबाई दीवान और भानूराम ध्रुव उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानपाठक के.के. सार्वा, शिक्षक संतोष कुमार पटेल, सुचिता शर्मा एवं खिलेश्वरी ध्रुव सहित विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक केके सार्वा ने किया।

### फुलझर स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**छुईहा बेलर।** प्राथमिक पाठशाला फुलझर स्कुल में नए शैक्षणिक सत्र का प्रवेश उत्साह धुमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर सरपंच, पंचायत सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति, शिक्षक के ने कक्षा एक,एंव कक्षा छटवीं में प्रवेश लेने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। एवं मुंह मिठा कराया गया। सरपंच संतोष कुमार दिवान ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो जीवन को नई दिशा प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय की गरिमा बनाए रखते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधान पाठक सुनील सिन्हा प्रवक्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही विद्यालय प्रशासन की ओर से प्रवेश उत्सव दिवस पर ही विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। प्राथमिक विद्यालयों से पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों का छठी कक्षा में प्रवेश भी इस अवसर पर सुनिश्चित किया गया जिससे उनके शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत को विशेष रूप से उत्सव के रूप में मनाया गया। ग्राम पंचायत फुलझर सरपंच संतोष कंवर, शाला प्रबंधक अध्यक्ष धनेश कुंजाम, ,ग्राम प्रमुख संतु राम ध्रुव, खेमू राम ध्रुव, नरेंद्र ध्रुव, भानुप्रताप साहू, संकुल समन्वयक करण सिंग, तेजराम साहू ,प्रधान पाठक सुनील सिन्हा, टुकेश्वर साहू, एवन साहू, योगेन्द्र साहू इत्यादि उपस्थित थे।

### लापरवाही : तहसीलदार ने 30 जून तक मांगी थी रिपोर्ट

# आवासहीनों के पट्टे के लिए सर्वे जून तक जुलाई शुरू होने पर भी काम प्रारंभ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्रों में रहने वाले आवासहीन परिवारों को शासकीय भूमि पर पट्टाधृति अधिकार देने की महत्वाकांक्षी योजना छुरा नगर पंचायत में अफसरों और कर्मचारियों की घोर लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। शासन के सबसे महत्वपूर्ण निर्देशों का स्थानीय स्तर पर क्या हाल है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तहसीलदार द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि (30 जून) बीत जाने और जुलाई का प्रथम सप्ताह शुरू होने के बाद भी नगर में सर्वे का काम धरातल पर शुरू ही नहीं हो सका है।

छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन (नवा रायपुर) दिनांक 08 मई 2026 के तहत छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। इसके क्रियान्वयन के लिए छुरा तहसीलदार मयंक अग्रवाल ने 12 जून को आदेश जारी कर राजस्व निरीक्षक (आरआई) दशरथ लाल मांझी, पटवारी नोहर श्रीवास, झामन लाल यादव और लव कुमार साहू की चार सदस्यीय संयुक्त टीम बनाई थी। टीम को नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर 30 जून तक सर्वे कार्य पूर्ण कर संयुक्त हस्ताक्षर वाली रिपोर्ट कार्यालय में जमा करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। लेकिन विडंबना देखिए कि 3 जुलाई बीत जाने के बाद भी नगर के किसी भी वार्ड में सर्वे की शुरुआत तक नहीं हुई है।

पटवारी बोले- रिपोर्ट का इंतजार, तहसीलदार को लग रहा सर्वे चल रहा है, इस महालापरवाही को लेकर जब जमीनी अमले और आला अधिकारियों से बात की गई, तो प्रशासनिक तालमेल की पोल खुलकर सामने आ गई। टीम में शामिल पटवारी का कहना है कि राजस्व निरीक्षक (आरआई) द्वारा प्रारंभिक रिपोर्ट लाने के पश्चात ही नगर में सर्वे प्रारंभ किया जाएगा, अभी काम शुरू नहीं हुआ है। दूसरी तरफ, तहसीलदार मयंक अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने 30 जून तक सर्वे पूरा करने का पत्र जारी किया था, हालांकि टीम से अब तक उन्होंने कोई रिपोर्ट नहीं ली है, लेकिन उनके मुताबिक 'सर्वे चल रहा है'। तहसीलदार ने यह भी जोड़ा कि 15 अगस्त तक सभी प्राप्त सूचियों को फाइनल करके जमा करना है। अधिकारियों के इन विरोधाभासी बयानों से साफ है कि शासन की इस जनहितैषी योजना को लेकर स्थानीय अमला कितना गंभीर है।




### इन वार्डों के गरीब और आवासहीन सबसे ज्यादा प्रभावित

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छुरा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 और 5 में सबसे अधिक शासकीय भूमि है, जहां वर्षों से गरीब और जरूरतमंद लोग निवास कर रहे हैं। इस योजना के तहत इन्हीं हितग्राहियों को पट्टा देकर आवास सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाना है। लेकिन सर्वे न होने से इन वार्डों के सैकड़ों आवासहीन परिवारों में असमंजस और निराशा का माहौल है।

### नियमों और अदालती आदेशों के पालन का था निर्देश

तहसीलदार द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट उल्लेख था कि यह सर्वे कार्य जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974, वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के प्रावधानों तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विविध याचिका क्रमांक 202/95 में पारित ऐतिहासिक निर्णय (दिनांक 12.12.1996) के कड़े दायरे में किया जाना है। इतने संवेदनशील और समयबद्ध कार्य में स्थानीय राजस्व अमले द्वारा बरती जा रही ढिलाई अब उच्च अधिकारियों के रडार पर है। देखना होगा कि 15 अगस्त की फाइनल डेडलाइन से पहले यह सर्वे कागजों से निकलकर जमीन पर कब तक पहुंच पाता है।



### साहू समाज के पदाधिकारियों ने विधायक का किया स्वागत

**राजिम।** विधायक रोहित साहू का राजिम में साहू समाज के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, तहसील अध्यक्ष खोमन साहू, बोधन साहू, भाजपा नेता मंजू हरित, मंडल अध्यक्ष, रामकुमार साहू, नीरज शर्मा तथा आशीष साहू ने आत्मीय स्वागत किया।

## जिले की बेटियों ने 16 डिग्री में फहराया तिरंगा

**गरियाबंद।** हिमाचल प्रदेश की दुर्गम पर्वत श्रृंखलाओं में गरियाबंद की साहसी कनक लता सिंह, अम्बा तारक, खिलेस्वरी कश्यप, कोमीता साहू, डिगेस्वरी ध्रुव, अंजू निषाद बहनों ने शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए 5000 मीटर ऊंची फ्रेंडशिप पीक पर -16 डिग्री तापमान के बीच राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया। इसके साथ ही उन्होंने 4220 मीटर (13,990 फीट) ऊंची पतलसू पीक को भी फतह कर जिले का मान बढ़ाया है। बर्फीले मौसम, कठिन चढ़ाई और विषम परिस्थितियों के बीच बहनों ने हौसले, साहस और देशभक्ति का परिचय देते हुए यह सफलता हासिल की। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से गरियाबंद जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। इस दौरान सतीश चौरे जिला कांग्रेस सचिव, सरपंच प्रतिनिधि लीलाधर कवर, पूर्व वनसभापति रजनी चौरे, दीनू सिन्हा, पोखन साहू, भूपेंद्र साहू, रेणुका साहू, परमेश्वरी साहू, राजा साहू, समीर साहू, कुंती साहू, लीलेस साहू, कृष्णा साहू, मंगला कश्यप, झलप भांडेकर, खेमराज साहू, दुस्यंत साहू, त्रिलोक कश्यप, गोपाल यादव, भोला भंडारी, ओंकार ध्रुव, कमल निषाद, अशोक कश्यप, फकीर कश्यप, रोशन कश्यप, रेवती साहू, पोनी साहू, रेखा विश्वकर्मा, सुखबाई साहू, एवास डीमर, रागनी साहू मोनिका साहू, मोंटू साहू, मौजूद रहे।

# बिहान समूह की आमसभा में प्रस्तुत किया गया वर्षभर का लेखा-जोखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला




छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत ग्राम रसेला में जय मां भवानी एवं नारी ग्राम संगठन समूह का वार्षिक आमसभा 3 जूलाई को गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, अध्यक्षता सरपंच रूपादेवी ठाकुर, विशेष अतिथि उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम अध्यक्ष बिग्रेद्र ठाकुर, ग्राम प्रमुख संतराम नेताम, कमलेश्वर नायक,भावसिह मरकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, ग्राम सचिव रामायण ठाकुर, प्रबंधक केशव यादव, सगुन दास सहित बिहान समूह के सभी महिलाएं मौजूद रहे। ग्राम संगठन के लेखापाल लोमेश्वरी कोमर्रा ने बताया कि ग्राम रसेला में कुल समूह की संख्या 41 ,कुल परिवार संख्या 693, समूह से जुड़े परिवार संख्या 570, जिसमें 38 समूह को आरएफ मिला 5, 70,000 ,38 समूह को सीटीएफ मिला 22, 15000, व्यक्तिगत आजिविका संख्या 76 है। वर्ष भर के लेखा जोखा पढ़कर सुनाया गया। साथ ही जय मां भवानी एवं नारी ग्राम संगठन के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए बिहान समूह के बारे में जानकारी साझा की। इस मौके पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहले महिलाएं केवल घरेलू कार्यों तक समिति था, लेकिन अब अपनी मेहनत से कमाई कर परिवार की जिम्मेदारी में बराबरी से भागीदारी निभा रहे हैं, उनकी पहचान अब केवल गृहणी के रूप में नहीं, बल्कि सफल महिला उद्यमी के रूप में भी बनने लगी है। सरपंच रुपादेवी ठाकुर ने कहा आज महिलाएं समूह के माध्यम से केवल परिवार की आय बढ़ा रही है, बल्कि आत्मनिर्भरता की नई मिसाल भी बन गई है। इसी कड़ी में उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ग्रामीण महिलाओं के लिए नए अवसरों का द्वार खोल रहा है। कार्यक्रम का संचालन नगमा हुसैन ने की। इस दौरान फुलेश्वरी,गोदवारी,देवकी मरकाम, परमेश्वरी ताण्डी,सिया बाई,सुकारो ठाकुर, ममता साहू, कविता, अंजली, लकेश्ररी, मोमिन, यास्मिन, सहित सभी समूह की महिलाएं मौजूद रहे।

# अस्पताल परिसर में शेड निर्माण व बोरवेल कनेक्शन के लिए 4 लाख रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



सरकारी अस्पताल में जीवनदीप समिति के अध्यक्ष विधायक इंद्रकुमार साहू की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की साधारण सभा का आयोजन किया गया। बैठक में अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, संसाधनों एवं जनहित में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीबी कोसरिया एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजेंद्र साहू ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, मरीजों को दी जा रही सेवाओं तथा भविष्य की आवश्यकताओं से अवगत कराया। जनहित एवं अस्पताल की आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से विधायक इंद्रकुमार साहू ने अस्पताल परिसर में स्टाफ के लिए शेड निर्माण के लिए लगभग 3 लाख तथा बोरवेल कनेक्शन के लिए 1 लाख की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा अस्पताल को और बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीबी कोसरिया, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजेंद्र साहू, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) अश्वनी पांडे, एलपी तारक, जीवनदीप समिति के सदस्य गण नागेंद्र वर्मा,संजय साहू, वर्षा शर्मा, डॉ.लीलाराम साहू, मुकुंद मेश्राम, जनपद सभापति ब्रह्मानंद साहू, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढी, नपा. सभापति सहदेव कंसारी, पार्षद नम्मू नारायण ठाकुर, एल्डरमैन कन्हैया साहू एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# भाजपा समय के साथ खुद को रखती है अपडेट : नेहरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



भारतीय जनता पार्टी इन दिनों समूचे प्रदेश में कार्यकर्ताओं को तकनीक से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रही है,डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म के माध्यम से कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन संगठन से जोड़कर संगठन की विचारधारा, कार्यक्रमों,अभियान की जानकारी डिजिटली ही मिल जाएगी। बैठक में पहुंचे पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष,बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नए युग के साथ कदम मिलाकर चलती है,आज के समय में पूरा विश्व ऑनलाइन माध्यम से अपने कार्यों को संपन्न कर रहा है इसी प्रकार भाजपा भी समय के साथ अपडेट रहते हुए कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म के माध्यम से संगठन कार्यों की जानकारी देने के लिए यह अभियान चला रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे भारत में सिर्फ भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो संसाधनों के उचित उपयोग पर जोर देती है और नई तकनीकों के माध्यम से संगठन हर प्रकार से सशक्त बनाने का का प्रयास करती है,हम सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान सफल क्रियान्वयन होने पर के डिजिटल युग में भी मजबूती मिलेगी। मैनपुर मंडल प्रभारी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा कि बूथ स्तर पर युवाओ को डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म के जरिये भाजपा से जोड़ने का सतत प्रयास करना चाहिए, साथ ही शक्ति केंद्र स्तर पर प्रभारी की घोषणा करते हुए 6 जुलाई तक प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए तेजी के साथ कार्य करने अपील किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, अजा मोर्चा जिला महामंत्री चैनसिंह कश्यप, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री व्दय दिनेश सचदेवा, घनश्याम मरकाम, मोहित द्विवेदी, तुलसी राठौर, मोहन कुशवाहा, नंदकिशोर चौबे, मनोज निर्मलकर, दिनेश शर्मा, उपेन्द्र साहू, नरेश सोनवानी, अजय बघेल, अमरलाल सिन्हा, सतन यादव, डाकेश नेगी, नीतू ध्रुव, रुपेश साहू, शिशुपाल नायक, ब्रीजलाल नागवंशी, हरीश यादव, कृष्ण कुमार नेताम सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# जेंजरा में सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा



भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के स्थापना 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह का आयोजन शुक्रवार को ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित, जेंजरा में विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आगाज प्राधिकृत अध्यक्ष महेश साहू ने सहकारिता ध्वज फहराकर किया। इसके बाद समिति परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों, किसानों एवं समिति कर्मचारियों ने सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त एवं जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया। प्राधिकृत अध्यक्ष महेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता केवल एक संस्था नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, किसानों की आर्थिक उन्नति, आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार सहकारी समितियों को आधुनिक बनाने और किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए लगातार नई योजनाएं ला रही है। सहकारिता के मूल मंत्र 'एक सबके लिए, सब एक के लिए' को चरितार्थ करते हुए समिति किसानों को समय पर ऋण, खाद-बीज एवं मंडी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्राथमिक सहकारी समिति के अध्यक्ष महेश साहू ,डॉ. दिलीप साहू, परदेशी साहू, टीकाराम साहू, हेमूराम साहू, डांगूराम साहू, ललित साहू, निर्मल साहू, परलराम साहू, धरम साहू, मंडी प्रभारी गिरिजाशंकर साहू, मंडी कर्मचारी पारस वर्मा, कृष्ण राम वर्मा, चुम्मन साहू एवं समिति के अन्य सदस्यगण व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण अतिआवश्यक : किशोर देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



भारतीय जनता पार्टी संगठन को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम और वैचारिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में इन दिनों युवा नेता किशोर देवांगन लगातार गांव-गांव पहुंचकर कार्यकर्ताओं और आम लोगों के बीच डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उनका उद्देश्य पार्टी की विचारधारा, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन की कार्यपद्धति को डिजिटल माध्यम से हर कार्यकर्ता तक पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक कार्यकर्ता तथ्यों और प्रमाणिक जानकारी के साथ समाज के बीच अपनी बात रख सके। श्री देवांगन अपने दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के उपयोग की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें सरल ऐप के माध्यम से इसे एक्सेस करने का तरीका भी समझा रहे हैं। साथ ही वे बताते हैं कि डिजिटल युग में राजनीतिक कार्यकर्ताओं का तकनीकी रूप से दक्ष होना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक प्रशिक्षण को डिजिटल स्वरूप प्रदान करते हुए छह अप्रैल, पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर इस डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की शुरूआत की थी। दौरों के दौरान किशोर देवांगन कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के प्रमुख संदेशों से भी अवगत करा रहे हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन के सिद्धांतों, आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत के संकल्प और आम नागरिकों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दे रहे हैं। इसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विचारधारा और सरकारी नीतियों की डिजिटल रूप से सटीक जानकारी देना है। इसमें वीडियो मॉड्यूल, इंटरैक्टिव क्विज/आंकलन और गेमफाइड बैज आदि फीचर्स शामिल है। पाठ्यक्रम पूरा करने और ऑनलाइन परीक्षा पास करने के बाद कार्यकर्ताओं को डिजिटल सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### छात्रवास परिसर मैनपुर में पौधा रोपण

**मैनपुर।** पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास परिसर में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर एसडीओपी मैनपुर ओमप्रकाश खुजुर, थाना प्रभारी सिद्धेश्वर प्रताप सिंह, पूर्व जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, अधीक्षक चंद्रकिशोर बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### हरिभूमि के पाठकों को गिफ्ट प्रदान किया



**महासमुंद।** जिले में 20 वर्ष से हरिभूमि अखबार के पाठक युवराज सिंह चंद्राकर एवं सरला सोनी को संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने गिफ्ट प्रदान किया। सरला सोनी ने कहा कि हरिभूमि अखबार महत्वपूर्ण समाचारों का प्रकाशन करता है।

### खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2026 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए जिले के पात्र कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ शासन की अधिसूचनाओं के अनुसार उत्कृष्ट कृषि कार्य करने वाले किसानों को प्रदान किया जाता है।

## जनदर्शन : दिल्ली प्रवास से लौटे विधायक साहू के जनदर्शन में उमड़ी भीड़

# लोकतंत्र की ताकत पर है जनता का सर्वाधिक विश्वास : रोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

लगभग दस दिनों के लंबे दिल्ली प्रवास के बाद अपने गृह नगर एवं विधानसभा क्षेत्र लौटे विधायक रोहित साहू का भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों ने आत्मीय स्वागत किया। शुक्रवार के जनदर्शन में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के दर्जनों गांव गृहनगर राजिम सहित कोपरा, फिंगेश्वर, छुरा,गरियाबंद, लोहझर,बोरसी, सुरसाबांधा, रोबा, भैंसातरा, पीपरछेड़ी , बहरापाल, श्यामनगर, किरवई से बड़ी संख्या में ग्रामीण सुबह से ही विधायक निवास/ कार्यालय पहुंचने लगे। कोई सड़क, बिजली और पानी की समस्या लेकर आया तो किसी ने राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, आवास और अन्य शासकीय योजनाओं से जुड़े मामलों को विधायक के सामने रखा। जनदर्शन में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और किसानों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। विधायक रोहित साहू ने सुबह 9 बजे से लेकर शाम लगभग 4 बजे तक बिना थके एक-एक व्यक्ति से मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव था, उनका मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि अन्य मामलों के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया गया। जनदर्शन के दौरान विधायक का व्यवहार पूरी तरह सहज और आत्मीय रहा। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। कई लोग ऐसे भी पहुंचे जो पहली बार विधायक से मिले, लेकिन उन्हें लगा कि उनकी बात पूरी गंभीरता से सुनी जा रही है। इससे लोगों के चेहरों पर संतोष और विश्वास साफ दिखाई दिया। ग्रामीणों का कहना था कि जनप्रतिनिधि यदि इसी तरह नियमित रूप से जनता के बीच बैठकर समस्याएं सुनें तो अनेक छोटे-बड़े मामलों का समाधान आसानी से हो सकता है। लोगों ने विधायक की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वे बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों की समस्याएं सुनते हैं और समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। जनदर्शन समाप्त होने के बाद विधायक रोहित साहू ने देर शाम हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि लगभग एक सप्ताह से अधिक समय तक दिल्ली प्रवास पर रहने के कारण क्षेत्र के अनेक लोग अपनी समस्याएं लेकर मिलने की प्रतीक्षा कर रहे थे। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न विषयों से अवगत कराया। जनता की हर समस्या हमारे लिए महत्वपूर्ण है। जिन मामलों का समाधान तत्काल संभव था, उन्हें मौके पर ही कराया गया तथा शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद और विश्वास के कारण ही आज मुझे सेवा करने का अवसर मिला है। इसलिए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना मेरी पहली जिम्मेदारी है।



### सहज व्यवहार ने जीता ग्रामीणों का दिल

जनदर्शन केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान का माध्यम है। क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधा के लिए पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य करता रहूंगा। जनदर्शन के सफल आयोजन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। विधायक रोहित साहू के जनदर्शन में उमड़ी भीड़ और लोगों का उत्साह इस बात का प्रमाण रहा कि क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उनसे भरोसे के साथ जुड़ रही है। सुबह से लेकर शाम तक लगातार लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनने और अधिकारियों से तत्काल समन्वय स्थापित करने की कार्यशैली ने आमजन के बीच विधायक की सक्रिय एवं जनहितैषी छवि को और मजबूत बनाया।

### कॉलेज की छात्राओं ने विधायक साहू से मुलाकात कर रासायनशास्त्र की मांग की



**राजिम।** शुक्रवार को राजिम कॉलेज के छात्र-छात्राएं विधायक रोहित साहू से सौजन्य मुलाकात कर महाविद्यालय में एम.एससी. रसायन शास्त्र की कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग की। विद्यार्थियों ने विधायक को बताया कि रसायन शास्त्र में स्नातकोत्तर अध्ययन की सुविधा महाविद्यालय में उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों में जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक एवं अन्य व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय में शीघ्र एम.एससी. रसायन शास्त्र की कक्षाएं शुरू कराने का आग्रह किया। विधायक रोहित साहू ने विद्यार्थियों की मांग को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग एवं शासन स्तर पर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और एमएससी रसायन शास्त्र की कक्षाएं जल्द प्रारंभ कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक के इस आश्वासन से छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल है।



### केडीआमा में मना ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**सुरसाबांधा।** शासकीय प्राथमिक शाला केडीआमा में ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का मूल आधार है। शिक्षा के माध्यम से ही इंसान आगे बढ़कर अपने जीवन की मंजिल प्राप्त करता है। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अनुशासन और मेहनत से अच्छे विद्यार्थी बनें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। कार्यक्रम में सभी नवप्रवेशी बच्चों को मुंह मीठा कराया गया और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरण की गईं। इस अवसर पर शाला विकास समिति की अध्यक्ष मानसी बाई ध्रुव, उपाध्यक्ष राधेश्याम ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष रामजी ध्रुव, दीनदयाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रामेश्वर ध्रुव, संरक्षक भानुप्रताप निषाद, रामजी ध्रुव, पंच दुर्गेश ध्रुव, उमिला ध्रुव, संस्था प्रमुख धनीराम ध्रुव, शिक्षक नूतन ध्रुव, रेवती नेताम, लिलेश्वरी नेताम, भोजबाई, नीराबाई ध्रुव, बेदराम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में मुस्लिम समाज ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नाजिया इलाही खान द्वारा पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम एवं उम्मुल मोमिनीन हजरत आयशा सिद्दीका रज़ियल्लाहु अन्हा के संबंध में कथित रूप से की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में मुस्लिम समाज नवापारा ने थाना नवापारा पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा तथा संबंधित प्रकरण में विधिसम्मत जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि संबंधित कथित बयान एवं वीडियो से मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं गंभीर रूप से आहत हुई हैं। समाजजनों ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर भारतीय कानून के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे कानून का सम्मान बना रहे तथा सामाजिक सौहार्द्र एवं शांति कायम रहे।मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा है कि हुजूर पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि उन्होंने लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आपत्ति प्रशासन के समक्ष रखी है और उन्हें विश्वास है कि पुलिस प्रशासन शिकायत पर निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से सरफु सोलंकी, अल्तमश सिद्दीकी, साजिद चांगल, अब्दुल हफिज, हसन सुलड़ा, एहसान रिजवी, अहमद रजा चांगल, आदि सुलड़ा, फिरोज चौहान, अक्कू भाई, इंटु खोखर सहित मुस्लिम समाज नवापारा के बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।मुस्लिम समाज ने कहा कि किसी भी धर्म, महापुरुष अथवा धार्मिक आस्थाओं के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां सामाजिकसौहार्द्र को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए ऐसे मामलों में समयबद्ध, निष्पक्ष एवं कानूनसम्मत कार्रवाई आवश्यक है, जिससे सभी समुदायों का कानून पर विश्वास बना रहे।




